# जिले भर में ईद मिलादुन्नबी पर निकला भव्य जुलूस

**गूंजा अमन और भाईचारे का पैगाम, जगह जगह हुआ स्वागत**

**सिवनी नवभारत। मुख्यालय सहित जिलेभर में बुधवार को ईद मिलादुन्नबी का पर्व हर्षोल्लास और अकीदत के साथ मनाया गया। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश की खुशी में मुस्लिम समाज द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान शहर में निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। जुलूस में अमन, इंसानियत, भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया।**



ईद मिलादुन्नबी की तैयारियों को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों की बैठक रात्रि में बुधवारी बाजार स्थित ईदगाह मस्जिद में आयोजित की गई थी। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, बुजुर्गों और युवाओं ने भाग लिया। इसमें सर्वसम्मति से पर्व को पारंपरिक रूप से शान-ओ-शौकत के साथ मनाने और जुलूस को व्यवस्थित तरीके से निकालने का निर्णय लिया गया। बुधवार को ईदगाह मस्जिद, बुधवारी बाजार से जुलूस का आगाज हुआ। जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होकर उर्दू स्कूल म्युनिसिपल ग्राउंड पहुंचा, जहां इसका समापन किया गया। समापन के अवसर पर सामूहिक दुआ कर देश-दुनिया में अमन, खुशहाली, भाईचारे और तरक्की की कामना की गई। जुलूस में शामिल लोगों के लिए लंगर की व्यवस्था भी की गई।



ईद मिलादुन्नबी को लेकर शहर के जिन-जिन मार्गों से जुलूस गुजरा, वहां स्थानीय कमेटियों द्वारा आकर्षक सजावट की गई थी। वहीं फैजगंज चौक में श्रीमती मकसूद मिर्जा एवं सब मिर्जा सहित अनेक लोगों ने ड्राई फूड दूध एवं लड्डू बाटकर जुलूस में शामिल लोगों का इस्तकबाल किया शाम 4:00 बजे वाहन रैली का आयोजन किया गया जिसमें बहुत संख्या में लोग शामिल हुए

समाजजनों ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस की खुशी में मनाया जाता है। पैगंबर साहब ने इंसानियत, शांति, दया, सद्भाव और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इसी भावना को आत्मसात करते हुए समाज द्वारा पर्व के माध्यम से सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। कलेक्टर नेहा मीणा और पुलिस अधीक्षक कृष्ण लाल चंदानी ने जिलेवासियों को ईद मिलादुन्नबी की बधाई दी। वहीं नगर पालिका चौक के पास समाज के शादाब पटेल, आसिफ खान, इब्राहिम खान, रेहान खान, अलीम मौलाना, जुरूम भाई ने जुलूस का स्वागत करते हुए बच्चों को मिठाईयां बांटी।



**जुलूस के बाद हुई दुआ**

सिवनी के अलावा धनोरा, घंसौर, केवलारी, कुरई, छपारा, लखनादौन और बरघाट विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में भी ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जुलूस, मिलाद, दुआ और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। पर्व के दौरान पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए।





## सिहोरा में अकीदत और एहतराम के साथ निकला जुलूस-ए-मोहम्मदी

**सिहोरा नवभारत।** आमादे मुस्तफा से मुअत्तर हुआ जहां इसी रूहानी फज़ा और ईमान अंगेज माहौल के साथ विकासखंड लखनादौन के ग्राम सिहोरा में रसूले पाक, सरवरे कायनात हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के यौम-ए-विलादत के मुबारक मौके पर जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का त्योहार पूरे मज़हबी एहतराम, अकीदत और जोश-ओ-खरोश के साथ मनाया गया। अय्यूबिया मस्जिद में कुरान ख्वानी और कुल शरीफ की मजलिस आरास्ता की गई, जिसमें मुल्क व कौम में अमन-ओ-अमान, भाईचारे और सलामती की पुरखुलूस दुआएं मांगी गईं।

ठीक सुबह 10.00 बजे अयूबिया मस्जिद सिहोरा से जुलूस-ए-मोहम्मदी का परचम कुशाई के साथ आगाज़ हुआ। जुलूस में मुस्लिम जमात सिहोरा के बुजुर्ग, नौजवान और बच्चे बड़ी तादाद में शामिल हुए। मस्जिद के पेश इमाम अहमद रज़ा साहब ने हुजूर-ए-पाक (सल्ल.) की शान-ए-अकदस में दिलकश नात-ओ-मन्क़बत का नज़राना पेश कर पूरे जुलूस में रूहानी ताजगी भर दी।

जुलूस-ए-मोहम्मदी पूरे गांव की गलियों और मुख्य मार्गों से गश्त करता हुआ हुजूर की तालीमात—अम्न, मोहब्बत और इंसानियत का पैगाम आम करता रहा। आका की आमद की खुशी में सजे इस जुलूस का ठीक दोपहर 12:00 बजे बा-अदब व सलामती के साथ इख्तिताम हुआ। आखिर में सलातो-सलाम के बाद तबर्रुक तक्सीम की गई।

### एक नजर में

**मोहगांव यादव में कुएं से मिला युवक का शव, मचा हड़कंप**



**कुरई।** कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम मोहगांव यादव में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब सड़क किनारे स्थित एक कुएं में युवक का शव मिला। मृतक की पहचान चरण लाल वट्टी पिता मेहतर लाल वट्टी, उम्र करीब 27 वर्ष, निवासी मोहगांव यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, चरण लाल वट्टी की गुमशुदगी कुरई थाने में 17 अगस्त को दर्ज कराई गई थी। सोमवार को मोहगांव यादव रोड से लगे कुएं में शव होने की सूचना ग्रामीणों को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। कुरई थाना प्रभारी कृपाल साह तेकाम ने बताया कि मृतक की गुमशुदगी 17 अगस्त को दर्ज की गई थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अत्यधिक शराब सेवन के बाद कुएं में गिरने से उसकी मौत होने की आशंका है। पुलिस ने शव को बाहर निकालकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गणेशगंज में धूमधाम से मनाया ईद-ए-मिलाद, निकाली गई भव्य रैली

**गणेशगंज नवभारत।** मुस्लिम समुदाय द्वारा बुधवार को ईद-ए-मिलाद का पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम रायचौर से डीजे के साथ बड़ी संख्या में समुदाय के लोग उत्साहपूर्वक रैली के रूप में गणेशगंज पहुंचे। रैली में शामिल लोग धार्मिक नारों और उत्साह के साथ ग्राम रायचौर से रवाना हुए। रैली गणेशगंज पहुंचने के बाद बायपास स्थित लबेला ढाबा के पास बनाए गए विशेष पंडाल में पहुंची। ईद-ए-मिलाद के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन के साथ ही रैली का भी समापन हुआ। इस दौरान गणेशगंज के अतिरिक्त सहजपुरी, देवरी कलां, बाम्हनवाड़ा सहित अन्य क्षेत्रों में ईद-ए-मिलाद के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए रैली निकाली गई।





## छपारा में शानो-शौकत से मनाया गया ईद-मिलादुन्नबी

**छपारा नवभारत।** पूरी दुनिया को इंसानियत, भाईचारा, मोहब्बत और मानवता का पैगाम देने वाले हजरत मोहम्मद साहब (स.अ.व.) की यौमे पैदाइश के मौके पर हर साल मनाया जाने वाला पर्व ईद-मिलादुन्नबी इस वर्ष भी छपारा में बड़ी अकीदत और शानो-शौकत के साथ मनाया गया।

इस पावन अवसर पर शहर में एक विशाल पैदल जुलूस निकाला गया। जुलूस दोपहर 2.30 बजे अखाड़ा चौक से शुरू हुआ। हजारों अकीदतमंद नारे-ए-तकबीर और नारे-ए-रिसालत लगाते हुए बड़े अदब और एहतराम के साथ जुलूस में शामिल हुए।

जुलूस शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ तकिया वार्ड, बाजार चौक, लोधी वार्ड, बस स्टैंड होते हुए संजय कॉलोनी पहुंचा। संजय कॉलोनी में अकीदतमंदों के लिए लंगर का आयोजन किया गया था, जहां सभी ने मिलकर लंगर खाया। इसके बाद जुलूस वापस अखाड़ा चौक पर आकर समाप्त हुआ। ईद-मिलादुन्नबी के इस पैदल जुलूस का शहर के नागरिकों ने जगह-जगह स्टॉल लगाकर शानदार इस्तकबाल किया। हिन्दू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करते हुए शहरवासियों ने जुलूस में शामिल लोगों को मिष्ठान, फल, खजूर, शरबत और ठंडे पेयजल का वितरण किया।

छपारा पुलिस प्रशासन और नौजवान कमेटी के युवाओं का विशेष सहयोग रहा, जिसकी सभी ने सराहना की। जुलूस शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## दाऊदी बोहरा समाज ने जुलूस का किया भव्य स्वागत, मिठाईयां व कोल्ड्रिंक बांटकर ली दुआएं

**सिवनी नवभारत।** प्रत्येक वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी इस्लाम धर्म के कैलेंडर अनुसार रबी उल अव्वल के महीने में 12 तारीख पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन यानी ईद मिलाद अन नबी का त्यौहार पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया इस वर्ष भी प्रत्येक वर्षों के अनुसार दाऊदी बोहरा समाज ने मिलादुन नबी के जुलूस का पुरजोर पुरखलूस तौर से शरबत कोल्ड ड्रिंक के साथ स्वागत किया। जहां जुलूस अपने शबाब पर था वही दाऊदी बोहरा समाज के यंगस्टर एवं बुरहानी कमेटी के नौजवानों ने पूरे जोश और मोहब्बत के साथ के फूलों के हार फूल माला शरबत कोल्ड ड्रिंक के साथ इस्तकबाल किया। दाऊदी बोहरा समाज के प्रत्येक नागरिक ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का दाऊदी बोहरा समाज के प्रवक्ता श्री हकीमुद्दीन अतहर ने आभार व्यक्त किया है।



## सिवनी में सैलून सेवाओं की नई रेट लिस्ट जारी

**मंगलवार को दुकानें रहेंगी बंद**

**सिवनी नवभारत।** नगर सेन समाज सिवनी एवं सेलून एसोसिएशन सिवनी द्वारा सेलून संचालकों के लिए विभिन्न सेवाओं की नई रेट लिस्ट निर्धारित की गई है। इसमें कटिंग, सेविंग, मसाज, फेशियल, हेयर कलर, थ्रेडिंग सहित मुंडन संस्कार और दूल्हे को सजाने की सेवाओं के शुल्क तय किए गए हैं। एसोसिएशन के अनुसार निर्धारित रेट लिस्ट के अनुसार ही ग्राहकों से शुल्क लिया जाएगा।नई रेट लिस्ट के अनुसार सादी कटिंग 80 रुपये, स्टाइल कटिंग 100 रुपये और बच्चों की कटिंग 100 रुपये निर्धारित की गई है। बालों के कलर के लिए 100, 200 और 300 रुपये तथा कलर लगवाने के लिए 50 रुपये शुल्क तय किया गया है। हेड मसाज 70, 100 और 150 रुपये तथा सादी मसाज 150 रुपये में होगी। स्पेशल मसाज के लिए 200, 250 और 300 रुपये निर्धारित किए गए हैं।फेशियल 500 से 1500 रुपये, डी-टैन 200 से 300 रुपये और ब्लीच 200 से 300 रुपये में किया जाएगा। सेविंग में सादी सेविंग 50 रुपये, सेविंग सेटिंग 70 रुपये और फॉर्म सेविंग 70 रुपये निर्धारित है। सेविंग का कलर 100 से 150 रुपये, अंडरआर्म्स 30 रुपये, थ्रेडिंग 50 रुपये तथा मूंछ और साइड के 50 रुपये शुल्क निर्धारित किए गए हैं।मुंडन संस्कार के भी शुल्क निर्धारितमुंडन संस्कार के लिए प्रति व्यक्ति 251 रुपये तथा बच्चों के मुंडन के लिए 551 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। चेयर लगवाई के लिए 3100 रुपये शुल्क रहेगा, जबकि इसमें लगने वाला सामान और भाड़ा ग्राहक को स्वयं वहन करना होगा। दूल्हे को सजाने के लिए 1500 से 3000 रुपये तक शुल्क निर्धारित किया गया है।



सेलून एसोसिएशन एवं नगर सेन समाज ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित रेट लिस्ट की फोटो कॉपी मान्य नहीं होगी। साथ ही प्रत्येक मंगलवार को सेलून की दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया गया है।नगर सेन समाज सिवनी के पदाधिकारियों में अध्यक्ष हेमेन्द्र नाथ श्रीवास (बॉबी), सचिव रामेश्वर श्रीवास (मंजू), उपाध्यक्ष शुभम श्रीवास, सहसचिव बसंत सराठे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत श्रीवास शामिल हैं। वहीं संरक्षक के रूप में निरंजन सराठे, छिद्दीलाल श्रीवास, दुर्गाप्रसाद सेन, चंदप्रकाश श्रीवास और शंकर श्रीवास का उल्लेख किया गया है। एसोसिएशन ने सभी सेलून संचालकों से निर्धारित दरों का पालन करने तथा ग्राहकों को सेवाओं के शुल्क की जानकारी स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराने की अपील की है।

इसके अलावा रेट लिस्ट जो है वह दुकानदारों को निशुल्क वितरण किया गया है जो अध्यक्ष के लिए एक सहरानीय कार्य माना जा रहा है एक अलग चर्चा समाज में चल रही है निशुल्क लिस्ट ऐसा पहली बार हुआ है जो निशुल्क वितरण के लिए इसमें समाज एकजुट के चलते खुशी का माहौल दिखाई दे रहा

## ऑनलाइन कार्य बंद कर एएनएम ने जताया विरोध

**सिवनी नवभारत।** संयुक्त एएनएम एसोसिएशन संविदा नियमित कर्मचारी संघ ने अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर विरोध शुरू कर दिया है। संगठन का कहना है कि पिछले दो वर्षों से ज्ञापन के माध्यम से शासन-प्रशासन को मांगों से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन निराकरण नहीं होने पर 25 अगस्त 2026 से एएनएम ने ऑनलाइन कार्य बंद कर विरोध दर्ज कराया है।संघ की प्रमुख मांगों में एएनएम को पुनः नर्सिंग कैडर में शामिल कर नर्सिंग कैडर का वेतनमान देने, योग्यता एवं वरिष्ठता के आधार पर एलएचवी, एमआई और नर्सिंग ऑफिसर पद पर पदोन्नति की व्यवस्था करने तथा एएनएम द्वारा किए जा रहे ऑनलाइन कार्यों का इंसेंटिव उन्हें ही देने की मांग शामिल है।प्रदेश अध्यक्ष विमलेश शर्मा ने अपर मिशन संचालक से मुलाकात कर एएनएम की समस्याओं और कथित भेदभाव से अवगत कराया। संघ का आरोप है कि समस्याओं के निराकरण के बजाय एएनएम को नोटिस जारी कर मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। वहीं एएनएम का कहना है कि ऑफलाइन कार्य वे नियमित रूप से कर रही हैं, लेकिन दूसरे कैडर के कार्यों के लिए भी दबाव बनाया जा रहा है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि एएनएम के साथ कथित पक्षपात और दुर्व्यवहार बंद नहीं किया गया तथा मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो 1 सितंबर से संपूर्ण कार्य बंद कर दिया जाएगा। संगठन ने इसके लिए शासन-प्रशासन को जिम्मेदार बताया है।

**1 सितंबर से संपूर्ण कार्य बंद करने की चेतावनी**



## जन समस्या निवारण संस्थान ने हरियाली महोत्सव के साथ किए विविध आयोजन




**सिवनी नवभारत।** जन समस्या निवारण संस्थान द्वारा हरियाली महोत्सव पर विविध आयोजन किये। अभिषेक कालोनी नर्मदेश्वर मंदिर में गीता पाठ महादेव भोलेनाथ का पूजन अर्चन एवं विविध कार्यक्रमों का आयोजन संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती डहेरिया के नेतृत्व एवं ज्ञानचंद सनोडिया एवं शहीद वार्ड पार्षद जोएब जकी अनवर खान के मुख्य आतिथ्य में व भगवत गीता पाठ की विदुषी श्रीमती कल्पना हिड़ऊ, नर्मदेश्वर मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश ठाकुर वरिष्ट समाज सेवी महेंद्र पंड्या राजेश रजक, निकेलाल भारतद्वज रामप्रसाद चौधरी, संजय मिश्रा, अजय विश्वकर्मा एल के डहेरिया चिंटू पांडे एवं मातृशक्ति संगठन की अध्यक्ष श्रीमती सीमा चौहान श्रीमती पी बोरकर की विशिष्ट अतिथि में आयोजित किए गए ।

## विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला सम्पन्न

**सिवनी नवभारत।** आदिवासी गोवारी (कोपाल) समाज, विधानसभा जिला इकाई - बरघाट द्वारा विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला का 23 अगस्त को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में समाज ने अपने भावी कर्णधारों जो दसवीं, बारहवीं और कॉलेज डिग्री में उत्तीर्ण होकर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया उन्हें न सिर्फ सम्मानित किया बल्कि समाज की आदिवासी संस्कृति संरक्षण एवं भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने के गुर भी सिखाये।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा 23 नवंबर 1994 को नागपुर में शहीद हुए 114 शहीद बंधुओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में दसवीं बोर्ड कक्षा में छात्रा अंशिका सोनवाने ग्राम घुरवाड़ा 97.4त्न प्रथम स्थान, साधना सहारे ग्राम बुढेना खुर्द 93त्न द्वितीय स्थान एवं प्रगति बगारे 90.08त्न तृतीय स्थान को तथा 12वीं बोर्ड में कु. श्वेता चौधरी ग्राम अरी 88.04त्न को प्रथम, महक चचाने ग्राम खामी 84.06त्न द्वितीय एवं प्रांचल नेवारे ग्राम - बोरी कला को 84.04त्न को तृतीय स्थान के लिये प्रशस्ति पत्र और शील्ड के साथ सम्मानित किया गया। अन्य समस्त उत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी सम्मान चिन्ह प्रदान किये गए। कार्यक्रम में मुख्य मार्गदर्शक वक्ता सेवानिवृत्त शिक्षक सी.एल. मसराम (पाठापार), व्याख्याता नरेंद्र नेवारे (कटंगी), एडवोकेट रत्नेश कोहरु (भण्डारा) रहे। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ समाज संरक्षकों में भागचंद सोनवाने, फूलचंद सोनवाने, भरत लाल गजबे, भागचंद आमाडारे, बेनीराम राउत, हरिश्चन्द्र नेवारे, हेमन कवरे, अशोक कारसर्प एडवोकेट ब्रजेश कोहरे, कन्हैया लाल टांगसे ने मंचासीन होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक टीम के प्रहलाद आमाडारे, अनिल राउत, राजू गुजर, विजय चौधरी, तिलक चचाने, संजय राउत, नन्दकिशोर नेवारे, पारस गजबे, चैनसिंह नेवारे, तोखसिंह का सहयोग सराहनीय रहा।

**परेशानी** | **गोशाला में छोडने की बजाए दर-दर भटकने के लिए छोड़ देते हैं मवेशियों को, लूघरवाड़ा के किसान भी परेशान**

# शहर में बढ़ रही सुअरों की संख्या, किसानो ने सौंपा ज्ञापन

**सिवनी नवभारत।** नगर से लगे गांव लूघरवाडा के किसानों ने आज कलेक्टर को जनसुनवाई के माध्यम से शिकायत की है और कहा कि गांव में आए आवारा पशुओं और सुअरो की संख्या कम होने की बजाए लगातार बढ़ रही हैं। जिससे कि किसान अच्छे खासे परेशान हैं। सरकार भी इस ओर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठा रही है। अगर यूं ही चलता रहा तो ये आवारा पशु और सुअर मिलकर किसान की खेती को बर्बाद कर देंगे। आवारा पशु और सुअर जिस भी खेत से गुजर जाते हैं उसी खेत को चट कर जाते हैं। किसान अपने खेतों की सुरक्षा पूरी रात जागकर करते हैं लेकिन फिर भी अपनी फसलों को बचाने में असमर्थ व लाचार हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जब तक गाय दुध देती है, तब तक उनको बांधे रखते हैं और बाद में जैसे ही दूध देना बंद कर देती हैं तो उसको गोशाला में छोडने की बजाए दर-दर भटकने के लिए छोड देते हैं। जो कि अत्यंत ही दुर्भाग्य पूर्ण बात है। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वे हर गांव में एक बाडा बनाए और उसमें आवारा पशुओं का प्रबंध करे, ताकि कोई भी आवारा पशु बेसहारा ना रहे और किसान की फसल बर्बाद होने से बच जाए।



गांव के अधिकांश किसानो की अजीवका का साधन कृषि ही पर निर्भर है जिससे किसान काफी चिंचित नजर आ रहे है। किसानों के द्वारा दो तीन बार आवारा पशुओं को गौशाला में छोडा गया किंतु वह दो दिन बाद ही लौट कर आ जाते है और फिर खेती की तरफ हमला बोले देते है।

**मुआवजे की मांग**

गांव के किसानों ने शिकायत में यह भी कहा कि संबंधित अधिकारियों के द्वारा उनके खेतो का सर्वे कराकर प्रशासन से मुआवजा दिलाया जाये ताकि उनके नुकसान की भरपाई हो सके। और तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर उक्त मांगों का जल्द से जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे सडकों पर उतरने को मजबूर हो जाएंगे।

## सावन माह में अखंड रामायण पाठ का हवन-पूजन के साथ भव्य समापन

**केवलारी नवभारत।** नगर के महावीर बड़े ग्राउंड स्थित हनुमान मंदिर में सावन माह के पावन अवसर पर एक माह तक चले अखंड रामायण पाठ का हवन-पूजन एवं भंडारे के साथ श्रद्धापूर्वक समापन हुआ। पूरे सावन माह में श्रद्धालुओं द्वारा 22 रामायण पाठ पूर्ण किया गया। समापन अवसर पर विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर आहुति दी और भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी से क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा शांति की कामना की। एक माह तक चले इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। रामायण पाठ के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और धर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।हवन-पूजन के पश्चात मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें मंदीर समिति के रघुराज बघेल, द्वारका जंघेला,प्रकाश भलावी ,अशोक बन्देवर,ललित वैष्णव ,विवेक अग्रवाल,मनोज रजक, मथुरा महाराज,राकेश बघेल, डीलन जंघेला,नरसिंह चंदेल, सुधीर मुंजारे, मुकेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने कहा कि सावन माह में लगातार रामायण पाठ का यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और सनातन संस्कृति को मजबूत करने का प्रेरणादायी माध्यम बना।

